हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(पन्द्रहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

शनिवार, 13 अगस्त, 2022/22 श्रावण, 1944 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 38

चिकित्सकों के सृजित पद

***5309 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकाघाट नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों के कौन-कौन से पद सृजित किये गए हैं; पदों का ब्यौरा श्रेणीवार दें;

(ख) इनमें से कितने पद रिक्त व कितने भरे गए हैं; ब्यौरा श्रेणीवार दें;

(ग) इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा;

(घ) यह सत्य है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बलद्वाड़ा, जिला मण्डी को नागरिक अस्पताल के रूप में स्तरोन्नत कर दिया गया है; यदि हां, तो कब;

(ङ) क्या इस अस्पताल में चिकित्सकों के पद सृजित कर दिए गए हैं; यदि नहीं, तो कब तक इन पदों को सृजित कर दिया जाएगा; श्रेणीवार ब्यौरा दें;

(च) यह सत्य है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जमणी, जिला मण्डी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में स्तरोन्नत कर दिया गया है; और

(छ) यदि हां, तो कब; यदि नहीं, तो इसमें चिकित्सकों के पद कब तक सृजित कर दिए जाएंगे; ब्यौरा दें?

पट्टे पर दी गई जमीन

***5310 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक प्रदेश में कारखाने स्थापित करने हेतु रियायती दरों/पट्टे पर दी गई जमीनों का ब्यौरा दें; और

(ख) कारखाना मालिकों के नाम, स्थायी पते, जमीन के मूल्य व जमीन के रकबे सहित ब्यौरा दें?

स्टोन क्रशर

***5311 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला हमीरपुर तथा जिला कांगड़ा के देहरा तथा ज्वालामुखी उप-मण्डलों में कितने स्टोन क्रशर कार्यरत हैं; नाम व पते सहित ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि इन क्रशर मालिकों द्वारा अवैज्ञानिक तरीके से खनन के कारण आस-पास की पेयजल योजनाएं प्रभावित हो रही हैं तथा गर्मियों में सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं; प्रभावित पेयजल योजनावार ब्यौरा दें; और

(ग) इन पेयजल योजनाओं को प्रदूषण तथा सूखने से बचाने हेतु क्रशर मालिकों द्वारा किए जा रहे अवैज्ञानिक खनन को रोकने हेतु सरकार कोई कदम उठाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

***5312 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत डोडरा-क्वार मण्डल में विधायक प्राथमिकता की अब तक कितनी सड़कों का कार्य प्रगति

पर है, सड़कों का नाम सहित ब्यौरा दें; कितनी सड़कों की निविदाएं होना शेष है; कितनी सड़कों की डी0पी0आर्ज0 बननी हैं व कितनी सड़कों के कार्य किन कारणों से बंद पड़े हैं; ब्यौरा दें?

गौ-सदन

***5313 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में आवारा पशुओं के प्रबन्धन व गौ-सदन निर्माण बारे सरकार ने क्या-क्या पग उठाए हैं; और

(ख) गौ-सदनों के निर्माण व पशुओं को इनमें रखने की स्थिति क्या है; अद्यतन स्थिति का गौ-सदनवार ब्यौरा दें?

मनरेगा

***5314 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक प्रदेश में मनरेगा के अन्तर्गत कुल कितनी धनराशि विभिन्न जिलों में मटेरियल कॉम्पोनेन्ट की देय थी व यह धनराशि कार्य समाप्त होने के कितने समय बाद जारी की गई; जारी करने में विलम्ब के क्या कारण हैं;

(ख) इस अवधि में जिला किन्नौर में मनरेगा के मटेरियल कॉम्पोनेन्ट की कितनी धनराशि कब-कब जारी की गई; ब्यौरा विकास खण्डवार व वर्षवार दें; और

(ग) यह सत्य है कि जनजातीय इलाकों में मनरेगा के अन्तर्गत 120 दिनों का कार्य पूर्ण रूप से नहीं मिल पा रहा है; यदि हां, तो सरकार मनरेगा के कार्य को 120 दिनों के लिए पूर्ण करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

बेसहारा पशु

***5315 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार भोरंज

विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बेसहारा पशुओं को गौ सेंक्चुरी में भेजने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Old Pension Scheme

***5316 Sh. Vinay Kumar (Sri Renukaji) :**
Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan) :
Sh. Rakesh Singha (Theog) :

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) has the Government finally decided to restore the old Pension Scheme which was prevalent prior to 2003 in the State; if yes, is the Government prepared to notify the withdraw of the employees share to the pension fund as required under the NPS;

(b) what is the total money deposited from the share of the employees from Himachal Pradesh with the private company since the notification of NPS; is it correct that this money is being invested in the share market and which all companies are involved in this business;

(c) does the Government have to seek the permission of the Central Government to restore the OPS; if yes, has the Government sought the permission for the same; lay all relevant papers in this respect on the Table of the House; details be given; and

(d) is it true that the Corporate Employees Pension Committee promised to the employees long time back to provide pension to the employees; if yes, by which date; if not, why not?

जल जीवन मिशन

***5317 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जल शक्ति विभाग द्वारा नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने नल जल जीवन मिशन के तहत लगाए गए; नाम व पते सहित ब्यौरा दें; और

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक इस निर्वाचन क्षेत्र में किन-किन स्कीमों के तहत पीने के पानी की व्यवस्था की गई; ब्यौरा दें?

ओ0बी0सी0 आरक्षण

***5318 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि ओ0बी0सी0 कल्याण बोर्ड की 12 वीं बैठक दिनांक 12 दिसम्बर, 2021 को राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के सभागार में आयोजित की गई, बैठक में निर्णय लिया गया कि चालू सत्र 2022-23 के प्रवेश सत्र से ओ0बी0सी0 वर्ग को 18% आरक्षण दे दिया जाएगा; यदि हां, तो क्या यह आरक्षण इस सत्र से लागू किया जाएगा; यदि नहीं, तो कारण?

पम्प ऑप्रेटर/पैरा फिटर/ बेलदार भर्ती

***5319 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जल शक्ति विभाग मण्डल डलहौजी में विभाग में जो पम्प ऑप्रेटर, पैरा फिटर और बेलदार की भर्ती हुई है; जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था; उनका परिणाम नाम, पते और अंक सहित दें; अंक किस-किस आधार पर दिए गए ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि डलहौजी मण्डल में अन्य मण्डलों के अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते थे?

निगम व बोर्ड कर्मचारियों को पेंशन एवं रिक्तियां

***5320 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई) :**
श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में सभी विभागों व निगमों में कुल कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त पड़े हैं;

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक कितने कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए तथा कितने लोगों को रोजगार प्रदान किया गया; ब्यौरा दें;

(ग) प्रदेश के विभिन्न निगमों व बोर्डों के सेवानिवृत्त कुल कितने कर्मचारियों को पेंशन मिल रही है व कितने कर्मचारी ऐसे हैं जिन्हे पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है; और

(घ) क्या सरकार शेष सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन का लाभ देने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

टॉय क्लस्टर

***5321 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार द्वारा प्रदेश में टॉय क्लस्टर स्थापित करने का निर्णय लिया गया है; यदि हां, तो खिलौना उद्योग कौन-कौन से स्थानों पर स्थापित किए जाएंगे तथा इनमें कितने हिमाचलियों को रोजगार प्रदान किया जाएगा; ब्यौरा दें?

Forest Clearance

***5322 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) how many cases are pending for forest clearance under MLA Priorities in Kullu Assembly Constituency;

(b) provide details of pendency as regards to Sub-division level, District level & State level; and

(c) what efforts is Government making to get these cases cleared; details be given?

MLA Priority Scheme

***5323 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state that what is the latest position of construction works under MLAs Priority Scheme upto July, 2022 (Drinking water and Irrigation) in Rampur Assembly Constituency?

थर्ड पार्टी ऑडिट

***5324 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार प्रदेश में सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत सड़कों का थर्ड पार्टी ऑडिट करवाया गया है; यदि हां, तो सड़कवार ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) जिन सड़कों का थर्ड पार्टी ऑडिट हुआ है उनमें क्या-क्या अनियमितताएं पाई गई हैं; ब्यौरा दें?

Medical College Chamba

***5325 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts of all categories are created in Pt. Jawahar Lal Nehru Medical College Chamba;

(b) how many posts are lying vacant; and

(c) how many persons are employed on outsource basis; category-wise details be given?

सड़कों का रख-रखाव

***5326 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के नालागढ़ मण्डल के अंतर्गत 9 पंचायतों की सड़कों की कुल लम्बाई 85 किलोमीटर है परन्तु सरकार द्वारा एम0डी0आर0 (Major District Road)-77 (शिमला कुनिहार, रामशहर, नालागढ़ व घनौली) में सिर्फ 1 किलोमीटर सड़क हेतु धनराशि स्वीकृत की गई है तथा शेष 73 किलोमीटर टारगेट रोड़ व 12 किलोमीटर कच्ची सड़क के वार्षिक रख-रखाव हेतु आवधिक नवीनीकरण के अंतर्गत धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है; यदि हां, तो कारणों सहित ब्यौरा दें; और

(ख) इन सड़कों हेतु आवधिक नवीनीकरण के लिए सरकार द्वारा कब तक धनराशि स्वीकृत कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

पर्याप्त स्टाफ

***5327** **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जोगिन्द्रनगर विद्युत मण्डल में कब तक पर्याप्त स्टाफ व विद्युत उपकरण उपलब्ध करवाने का विचार रखती है?

सीवरेज लाइन

***5328** **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आनी और निरमण्ड नगर पंचायतों में सरकार सीवरेज लाइन बिछाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

नालागढ़-ढेरोवाल- बीड प्लासी सड़क

***5329** **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि मेन रोड़ नालागढ़-ढेरोवाल पशु फैक्टरी से लेकर बीड प्लासी गांव की राजकीय प्राथमिक पाठशाला तक सड़क को पक्का नहीं किया जा रहा है जबकि गांव बीड प्लासी की जनसंख्या लगभग 1000 है तथा इस सड़क पर लगभग 20 उद्योग लगे हुए हैं; क्या डी0पी0एफ0 के अधीन सड़क होने के कारण एन0ओ0सी0 नहीं मिली है; और

(ख) यदि यह डी0पी0एफ0 क्षेत्र था तो वहां उद्योग लगाने की अनुमति कैसे मिली; वस्तुस्थिति सहित ब्यौरा दें?

उपदान हेतु आवेदन

*5330 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक विकास खण्ड मशोबरा के अंतर्गत कृषि विभाग व भू-संरक्षण के तहत कितने लोगों ने पावर टिलर के उपदान हेतु आवेदन किए; और

(ख) इस योजना के तहत कितने आवेदकों को स्वीकृति दी गई व कितने शेष हैं; शेष बचे लोगों को कब तक स्वीकृति प्रदान की जाएगी; ब्यौरा दें?

रिक्त पद

*5331 **श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में शिक्षकों के कितने पद रिक्त हैं; पाठशालावार ब्यौरा दें?

उद्योग

*5332 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक प्रदेश में विभिन्न उद्योग स्थापित करने हेतु किन उद्यमियों से कितने आवेदन प्राप्त हुए; जिलावार ब्यौरा दें;

(ख) इनमें से कहां और कितने उद्योग स्थापित किए जा चुके हैं; जिलावार ब्यौरा दें; और

(ग) इस अवधि के दौरान विनिवेश के प्रयासों पर कुल कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

जनजातीय सलाहकार परिषद गठन

*5333 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि संविधान के अनुच्छेद-5 के तहत गठित जनजातीय सलाहकार परिषद की वर्ष में कम-से-कम दो बैठकें करना अनिवार्य है;

(ख) यह सत्य है कि जनजातीय सलाहकर परिषद में वन विभाग के उपाध्यक्ष जो लाभ के पद पर हैं को जनजातीय सलाहकार परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया है;

(ग) किन नियमों के तहत सरकार ने वन निगम के उपाध्यक्ष को गैर-सरकारी सदस्य जनजातीय सलाहकार परिषद में मनोनीत किया है;

(घ) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक जनजातीय सलाहकार परिषद की कुल कितनी बैठकें हुई हैं; बैठकें न होने के क्या कारण हैं;

(ङ) जनजातीय सलाहकार परिषद की 47वीं बैठक की कार्यवाही 2 साल से ज्यादा समय बीत जाने पर भी अब तक जारी न करने के क्या कारण हैं; और

(च) सरकार ने जनजातीय सलाहकार परिषद का गठन किस वर्ष किया; अधिसूचना की प्रति सभा पटल पर रखें?

Arrears of the Pay Commission

*5334 **Sh. Rakesh Singha (Theog) :**
Sh. Anirudh Singh (Kasumpti) :

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what is the amount that is required to be paid as arrears to the employees covered under the latest Pay Commission; how does the Government propose to pay them;

(b) has the Government taken a decision to notify the removal of the two years rider on initial appointment; if yes, since when will it be applicable;

(c) has the Government revised the pension of the retired employees; if not, by when does it propose to do so; and

(d) does the borrowing guidelines provided under the fiscal budget

management Act permit the Government to borrow for paying arrears for pay commissions and pension liabilities?

बग्गी से धनोटू सड़क

***5335 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बग्गी से धनोटू सड़क की मैटलिंग/टारिंग के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है; और

(ख) क्या इसके टैंडर हो चुके हैं; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

सी0एच0ओ0

***5336 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2019-20 में एच0एल0एल0 कम्पनी द्वारा सी0एच0ओ0 की परीक्षा व ब्रिज कोर्स करने के बाद विभिन्न केन्द्रों में 693 सी0एच0ओ0 तैनात किये हैं; यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि सरकार के पास अब एन0एच0एम0 के माध्यम से 800 सी0एच0ओ0 की भर्ती करने का प्रस्ताव है; और

(ख) क्या सरकार के पास पहले से कार्यरत सी0एच0ओ0 जिनका अनुभव दो से तीन वर्ष का है, को बिना परीक्षा भर्ती करने का कोई प्रस्ताव है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

आर0टी0ए0 बैठक

***5337 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश में आर0टी0ए0 की बैठक लम्बे अरसे से नहीं हुई है इसके क्या कारण हैं; सरकार कब तक यह बैठक करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

ट्रॉमा सेंटर

*5338 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक प्रदेश में कहां-कहां पर ट्रॉमा सेंटर स्वीकृत किए गए हैं; इनमें से किन-किन ट्रॉमा सेंटर्ज के भवन निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत हुई है तथा कितने सेंटर क्रियाशील हैं; ब्यौरा संस्थान, धनराशि व वर्षवार दें; और

(ख) इन संस्थानों के निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा नाम, प्रगति व स्थानवार दें?

फार्मा क्लस्टर

*5339 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार द्वारा प्रदेश में फार्मा क्लस्टर स्थापित करने का निर्णय लिया गया है; यदि हां, तो ये फार्मा उद्योग कौन-कौन से स्थान पर स्थापित किए जाएंगे तथा कितने हिमाचलियों को रोजगार प्रदान किया जाएगा; ब्यौरा दें?

Roads and Tunnel

*5340 **Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) does the Government intends to widen the Bhuntar-Manikaran Road;

(b) if yes, give details of scheme and amount of funds allocated for this; and

(c) what steps have been taken by the Government for the construction of Bhubu Tunnel at Kullu?

Sanctioned Amount

*5341 **Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last 3 years upto

20.07.2022, what is the total amount of funds sanction by the Deputy Commissioner Shimla on the recommendation of MLA under BASP, DCP and SDRF in Rampur Assembly Constituency; details be given?

फलहैड़ा जाति

***5342 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) प्रदेश में रहने वाले फलहैड़ा जाति के लोग क्या अनुसूचित जाति के अंतर्गत आते हैं; यदि नहीं, तो फलहैड़ा जाति अनुसूचित जाति की सूची से बाहर कब हुई; और

(ख) तहसील में जो सॉफ्टवेयर अनुसूचित जाति के प्रमाण-पत्र बनाने के लिए उपयोग किया जाता है उसमें फलहैड़ा जाति को किस रूप में लिया गया है तथा उसका क्रम क्या है; ब्यौरा दें?

बेसहारा पशु

***5343 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बन्दरों व बेसहारा पशुओं द्वारा फसलों को हो रहे नुकसान से निजात दिलाने हेतु क्या पग उठा रही है?

लूहरी प्रोजैक्ट

***5344 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत निर्माणाधीन लूहरी प्रोजैक्ट के तहत सरकार ग्राम पंचायत लौट तथा निथर, ब्लॉक निरमण्ड को प्रभावित ज़ोन घोषित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

कॉलेज भवन निर्माण

***5345 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत रामशहर महाविद्यालय के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत व व्यय की गई; इसका कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

जल जीवन मिशन

***5346 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जल शक्ति विभाग मण्डल करसोग के अंतर्गत जल जीवन मिशन में कितनी योजनाओं में कार्य चल रहा है तथा कितनी योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं; नाम व लागत सहित ब्यौरा दें ?

यशपाल शर्मा,
सचिव।